**NEWS CLIPPING:11.08.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University to make 'Hariyali Parv' as an annual calendar event

Navin Dhamija
info@impressivetimes.com

**BADHKAL/FARIDABAD :** In a significant stride towards promoting environmental awareness and sustainability among its students, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has decided to make 'Hariyali Parv' as an annual calendar event. As part of this pioneering endeavor, the university has made it mandatory for all students to actively participate in plantation activities. This was informed by Vice-Chancellor Prof SK Tomar to Badkhal MLA Smt Seema Trikha who was chief guest in the plantation drive. The plantation drive was organized under the celebration of the second edition of 'Hariyali Parv'. Eminent individuals from diverse spheres of life are being invited to participate in this meaningful campaign. The event commenced with Prof. Tomar extending a warm welcome to Smt. Seema Trikha, accompanied by a symbolic sapling. Dean (Institutions) Prof Sandeep Grover, Dean (Sciences) Prof. Neetu Gupta, Chairperson (Incharge) CMT Dr. Pawan Singh, Chairperson/Incharge, Department of Environmental Sciences and Vasundhara Eco-club Dr. Renuka Gupta and NSS Coordinator Sh. Atma Ram and other organizing committee members were present at the inauguration ceremony. Highlighting the significance of the 'Hariyali Parv' initiative, Vice-Chancellor Prof. Tomar emphasized the University's commitment to nurturing environmentally responsible students, a dire need in the present times. He noted that such campaigns serve as a catalyst for instilling strong moral values in students, contributing to their development as responsible citizens. Prof. Tomar expressed his concern about the escalating environmental degradation driven by the unsustainable exploitation of natural resources in the name of progress. He also elucidated how dam construction has been linked to triggering earthquakes, underscoring the importance of responsible development practices. In her address, Smt. Seema Trikha lauded the University's proactive stance in promoting environmental consciousness among students. She fervently suggested engaging student teams to orchestrate plantation drives across the city. On the sidelines of the event, discussions revolved around the progress of the University's second campus development along the Faridabad-Gurugram road in the village Bhakari, within her Badkhal constituency. Smt. Trikha expressed her aspirations for the next plantation drive to be hosted at the new campus. She also reiterated her dedication to projects like the revival of Badkhal Lake and the expansion of JC Bose University, pledging to invite the Chief Minister to launch both endeavors. The event concluded with a vote of thanks extended by Dr. Renuka Gupta.



**IN HER ADDRESS, SMT. SEEMA TRIKHA LAUDED THE UNIVERSITY'S PROACTIVE STANCE IN PROMOTING ENVIRONMENTAL CONSCIOUSNESS AMONG STUDENTS. SHE FERVENTLY SUGGESTED ENGAGING STUDENT TEAMS TO ORCHESTRATE PLANTATION DRIVES ACROSS THE CITY.**

**NEWS CLIPPING:11.08.2023**

## PIONEER

# यमुना सहित विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं पर हो शोधकार्य : डॉ. आरएन सिंह



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसके तोमर से पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत यमुना जी सहित विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. आरएन सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसके तोमर से आग्रह किया कि यमुना जी सहित विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं पर विश्वविद्यालय के पर्यावरण शास्त्र विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थी, शोधार्थी तथा प्राध्यापक आगे आकर शोध कार्य को बढ़ावा दें। चर्चा के क्रम में प्रोफेसर एसके तोमर ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के बारे बताते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को आवश्यक रूप से एक पौधे लगाने तथा उसकी छमाही विकास का ब्योरा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रोफेसर एसके तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन फरीदाबाद के पर्यावरणीय संतुलन के लिए समर्पित विभिन्न योजनाओं के तहत काम कर रहा है। अरावली क्षेत्र में भी सुरक्षित पौधारोपण की योजना है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**NEWS CLIPPING:11.08.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय ने राजपुर कलां में एनएसएस शिविर का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना विंग ने राजपुर कलां गांव, जिला फरीदाबाद में एनएसएस वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया।

सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य आयोजित इस शिविर में 60 एनएसएस वालंटियर्स की टीम ने हिस्सा लिया। शिविर का समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक आत्माराम ने किया। गवर्नमेंट स्कूल, राजपुर कलां के मुख्य अध्यापक अमित जैन ने एनएसएस टीम के गांव में आगमन पर उनका स्वागत किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक मेरी माटी-मेरा देश रहा। नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा का महत्व पर बल दिया गया। नाटक ने संदेश दिया कि किसी व्यक्ति की जड़ें अपने गांव और देश की मिट्टी से जुड़ी होनी चाहिए। इसके अलावा सांस्कृतिक



विरासत को संरक्षित करने के महत्व को भी नाटक में चित्रित किया गया।

गांव के सरपंच ने गांव में गतिविधियों के संचालन के लिए एनएसएस टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. साक्षी कालरा, डॉ. शैलजा जैन और दामोदर भारद्वाज ने भी शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। एनएसएस विंग का यह आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने सामुदायिक सेवा के प्रति एनएसएस टीम की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाते हैं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:11.08.2023**

# DAINIK JAGRAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए पौधारोपण अनिवार्य किया गया

**वि., फरीदाबाद:** जेसी बोस विश्वविद्यालय ने हरियाली पर्व को वार्षिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया है। विवि के सभी छात्रों पौधारोपण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उनके लिए यह अनिवार्य किया गया है। कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने बृहस्पतिवार को विवि में आयोजित पौधारोपण अभियान में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं विधायक सीमा त्रिखा को जानकारी दी। अभियान का दूसरे चरण हरियाली पर्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। सीमा त्रिखा ने छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में विवि के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शहर में पौधारोपण अभियान चलाने के लिए छात्र टीमों को शामिल करने का सुझाव दिया। डीन (इंस्टीट्यूशंस) प्रो संदीप ग्रोवर, डीन (विज्ञान) प्रो.नीतू गुप्ता, पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा.रेणुका गुप्ता तथा डीएसडब्ल्यू एवं वसुंधरा ईको क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING:11.08.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## यूनिवर्सिटी में हरियाली पर्व मनाया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी में गुरुवार को हरियाली पर्व के तहत पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विधायक सीमा त्रिखा मुख्य अतिथि रहीं। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने कहा कि छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने को हरियाली पर्व वार्षिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया है। मौके पर प्रफेसर संदीप ग्रोवर, प्रफेसर नीतू गुप्ता, डॉ. रेणुका गुप्ता आदि मौजूद रहे।